Hindustan Hindi (07.09.2016)

शिक्षक की भूमिका समाज में महत्वपूर्णः डॉ. अग्रवाल

पलवल | हमारे संवाददाता

वाईएमसीए विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रोफेसर डॉ. दिनेश अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक की भूमिका समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण होती है। इसी कारण शिक्षक का मान सम्मान भी सबसे ज्यादा है। शिक्षक को भी समाज की अपेक्षाओं पर खरे उतरते हुए अपने आपको साबित करना चाहिए। उसे समाज के सामने उदाहरण बनना चाहिए व अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ करना चाहिए। शिक्षक की मेहनत ही उसकी असली कमाई होती है।

प्रोफेसर अग्रवाल शुक्रवार को देर शाम दयानंद वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के सभागार में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन श्रीवैश्य अग्रवाल सभा की शिक्षक प्रकोष्ठ इकाई ने किया था। समारोह की अध्यक्षता सभा के प्रधान ओम प्रकाश गुप्ता ने की। संचालन महेंद्र सिंगला ने किया। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि मास्टर शब्द अपने आप में काफी महत्वपूर्ण शब्द है। इसको कहलवाने में किसी भी स्तर के शिक्षक को परहेज नहीं होना चाहिए। मास्टर जी की कृपा से आईएएस, डॉक्टर, इंजीनियर, सैनिक व अच्छे किसान और कर्मचारी बनते हैं।